संख्या:49/2016/196/35-4-2016

प्रेषक,

अबरार अहमद,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0 प्र0 लखनऊ।

नियोजन अनुभाग-4 लखनऊ दिनांक:04 फरवरी,2016

विषय : वर्ष 2015-16 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत स्वीकृति शासनादेश के पृष्ठांकन में संशोधन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-7302बीजी/7बी-3 त्व0आ0वि0यो0/2015-16 दिनांक 05.01.2016 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि जनपद कन्नौज में शासनादेश संख्या-263/2015/2089/35-4-2015 दिनांक 26 अगस्त,2015 द्वारा बहवलपुर से बाबा की बगिया (प्राचीन हनुमान मन्दिर) लक्षीराम नगला होते हुये छिबरामऊ, विशुनगढ़ मार्ग तक सम्पर्क मार्ग के नवनिर्माण कार्य की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति लागत रू. 212.53 लाख की प्रदान करते हुये प्रथम किश्त के रूप में रू. 106.26 लाख की धनराशि अवमुक्त की गई है। शासनादेश के पृष्ठांकन में अधिशाषी अभियन्ता, लो0नि0वि0, निर्माण खण्ड-1 कन्नौज के स्थान पर टंकण त्रुटिवश अधिशाषी अभियन्ता, लो0नि0वि0 प्रान्तीय खण्ड, कन्नौज अंकित हो गया है।

उक्त शासनादेश के पृष्ठांकन में अधिशाषी अभियन्ता, लो0नि0वि0, प्रान्तीय खण्ड, कन्नौज के स्थान पर अधिशासी अभियन्ता, लो0नि0वि0 निर्माण खण्ड-1 कन्नौज पढ़ा जाये। इस सीमा तक उक्त शासनादेश संशोधित समझा जायेगा।

भवदीय,

(अबरार अहमद)
विशेष सचिव

संख्या:49/2016/196(1)/35-4-2016 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2- महालेखाकार, लेखापरीक्षा, प्रथम एवं द्वितीय, इलाहाबाद।
3- प्रमुख सचिव / सचिव, लोक निर्माण।
4- प्रमुख सचिव, वित्त।
5- निजी सचिव, मा. मुख्य मंत्री जी।
6- मण्डलायुक्त, कानपुर।
7- जिलाधिकारी, कन्नौज।
8- मुख्य विकास अधिकारी, कन्नौज।
9- वरिष्ठ कोषाधिकारी, कन्नौज।
10-गार्ड फाईल।
11-वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग- 5
12-राज्य योजना आयोग-1
13-जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, कन्नौज।
14-अधिशाषी अभियन्ता,लो0नि0वि0,निर्माण खण्ड-1/प्रान्तीय खण्ड,कन्नौज।

आज्ञा से ,

(अबरार अहमद)
विशेष सचिव

http://upesanadesh.gov.in